



# रातों-रात खाली हुआ जूता बाजार, टूटेगी 100 वर्ष पुरानी पानी की टंकी

**उज्जैन। सिंहस्थ 2028 और शहर के व्यापक विकास कार्यों के मद्देनज़र उज्जैन का लगभग 100 साल पुराना प्रसिद्ध टंकी चौक जूता बाजार सोमवार रातों-रात खाली करा दिया गया। गोपाल मंदिर के पास स्थित यह बाजार वर्षों से शहर की पहचान रहा है, वर्षों पुरानी पानी की टंकी भी तोड़ी जाएगी। उज्जैन में जहां टंकी के नीचे जूते-चप्पलों की ठेले, गुमटी और टीन शेड की दुकानें लगती थीं। नगर निगम ने चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण की योजना के तहत सभी अस्थायी दुकानों को मगंलवार की रात हटवा दिया।**



दरअसल वीडी क्लॉथ मार्केट से बड़े पुल तक बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य को तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में टंकी चौक क्षेत्र में भी सड़क चौड़ीकरण और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की तैयारी की जा रही है। सोमवार को नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा स्वयं मौके पर पहुंचे और पूरे क्षेत्र का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। टंकी चौक क्षेत्र शहर में जूता बाजार के नाम से लंबे समय से प्रसिद्ध रहा है। गोपाल मंदिर और थाना खारा कुंआ के पास स्थित इस स्थान पर वर्षों से जूते-चप्पल की छोटी-छोटी दुकानें संचालित हो रही थीं। यहां नगर निगम द्वारा पहले ही मल्टी लेवल कार पार्किंग का निर्माण कराया जा चुका है। अब चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण की योजना के तहत पूरे क्षेत्र को व्यवस्थित किया जा रहा है। नवभारत से चर्चा में अधिकारियों ने बताया कि प्लान अनुसार छत्री चौक की लोहे की पानी की टंकी भी काफी पुरानी हो चुकी है और इसे भी तोड़ा जाएगा। करीब 100 साल से अधिक पुरानी यह टंकी शहर की पहचान मानी जाती है और लंबे समय तक आधे शहर को इसी टंकी से पानी की आपूर्ति होती रही है। सिंहस्थ के मद्देनजर सड़क चौड़ीकरण की योजना में यह टंकी भी आ रही है, इसलिए इसे हटाकर नई जगह पर आधुनिक टंकी बनाई जाएगी।

अधिकारियों के अनुसार टंकी के नीचे ही जूते-चप्पल की दुकानों का संचालन होता था। सुरक्षा और संभावित दुर्घटना से बचाव के लिए एहतियातन इन दुकानों को हटाया गया है। क्षेत्र में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजनों के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ती है, ऐसे में चौड़ीकरण जरूरी माना जा रहा है।

### सीएम डॉ. यादव की परिकल्पना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की परिकल्पना के तहत उज्जैन में तेजी से विकास कार्य किए जा रहे हैं। सिंहस्थ को देखते हुए शहर में सड़कों, पानी, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। इस दौरान करीब 30 करोड़ श्रद्धालु उज्जैन पहुंचेंगे, जिनके लिए बेहतर व्यवस्थाएं तैयार की जा रही हैं। शहर में हो रहे इन विकास कार्यों से न केवल यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि व्यापारिक गतिविधियों में भी बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। सड़कें चौड़ी होने से आवागमन सुगम होगा और बाजारों को भी व्यवस्थित तरीके से विकसित किया जाएगा।



# 2 युवकों के पास मिला गांजा

**उज्जैन।** अवैध मादक पदार्थ को लेकर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 10 दिवसीय अभियान में खाचरोद और तराना पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लेकर गांजा बरामद किया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है और इस बात का पता लगाया जा रहा है कि अवैध कारोबार में उनके साथ कौन-कौन जुड़े हुए हैं। तराना थाना पुलिस ने बताया कि अग्रवाल वेयरहाउस के पास मादक पदार्थ लेकर आए व्यक्ति की जानकारी मिलने पर उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया, पूछताछ करने पर मुक्त व्यक्ति का नाम महबूब पिता याद अली 60 साल बड़ा बाजार कायथा होना सामने आया। उसके पास से थैली में रखा 425 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। इसी तरह खाचरोद थाना पुलिस मैं मुखबिर की सूचना पर अकबर पिता कुमार निवासी खाचरौद को गिरफ्तार कर 574 ग्राम गांजा बरामद किया। पूछताछ में अकबर ने बताया कि वह गंजा नरसिंह मंदिर के पास रहने वाले अंकुश पिता शशि से लेकर आया है। पुलिस ने अंकुश को भी सहआरोपी बनाकर तलाश शुरू की है। फिलहाल हिरासत में आए दोनों युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। इससे पहले भाटपचलाना थाना पुलिस स्विफ्ट कर में सवार गांजा तस्कर दीपक कुशवाहा को गिरफ्तार कर 4 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया था दीपक कुशवाहा पर 10 हजार का इनाम भी घोषित था। वह पूर्व में कई लोगों को गांजा सप्लाई कर चुका था जिनकी गिरफ्तारी होने पर दीपक का नाम सामने आया था।

# उज्जैन की लोक गायिका यशस्विनी निगम राष्ट्रीय गुजरात गौरव सम्मान से अलंकृत

- वलसाड में 51 उत्कृष्ट हस्तियों के
- साथ मिला सम्मान

**उज्जैन।** लोक संगीत, गीत एवं लोकनाट्य लेखन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए उज्जैन की लोक गायिका यशस्विनी निगम को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय गुजरात गौरव सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया है। गुजरात के वलसाड स्थित हार्टफुलनेस योग प्रशिक्षण केंद्र में 5 अप्रैल को आयोजित भव्य समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। समारोह का आयोजन यूनिक रिकॉर्ड्स ऑफ यूनिवर्स और धरा धाम अंतरराष्ट्रीय गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रसेवा, संस्कृति रक्षा एवं मानवता के प्रति विशिष्ट योगदान देने वाली देश भर की 51 उत्कृष्ट हस्तियों को सम्मानित किया गया, जिनमें उज्जैन की यशस्विनी निगम शामिल हैं। इस अवसर पर प्रो. अजितकुमार जैन, प्रो. जनक सिंह मीणा, डॉ. डीआर रेवाला, डॉ. अभिषेक कुमार और डॉ. सौरभ पांडेय सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। समारोह में लोक गायिका को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न भेंट कर उनके अतुलनीय योगदान की सराहना की गई।



### लेखन में भी सक्रिय


माच कला और लोक संगीत को सहेजने में यशस्विनी निगम राष्ट्रीय और प्रादेशिक स्तर पर निरंतर सक्रिय हैं। वे लोक गायन के साथ-साथ गीत और लोकनाट्य लेखन में अपना उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। उनका यह कार्य लोक विद्या को जीवित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# खरसौदखुर्द टोल प्लाजा पर तोड़फोड़

- 3 युवकों ने जमकर मचाया उत्पात, कर्मचारियों को किया घायल

**उज्जैन।** इंगोरिया थाना क्षेत्र के उज्जैन-बदनावर फोरलेन हाईवे पर ग्राम खरसौदखुर्द टोल प्लाजा पर रात 3 युवकों ने जमकर उत्पात मचाते हुए तोड़फोड़ की और कर्मचारियों के साथ बेल्ट-डंडे से मारपीट की। घटनाक्रम में टोल कर्मचारी प्रेमसिंह सोलंकी, हरीश परमार, मयूर मकवाना, भरत चौहान, ओम मांडेल, धर्मेन्द्रसिंह, रितेशसिंह, नीरज घायल हो गये। तीनों युवकों ने टोल बेरियर के साथ केबिन और मेस में जमकर तोड़फोड़ की। टोल पर तोड़फोड़ की खबर मिलते ही इंगोरिया थाना प्रभारी दिपेश व्यास टीम के साथ मौके पर पहुंच गये थे। वही मारपीट और तोड़फोड़ करने वाले 3 युवकों जितेन्द्र पिता राजेन्द्र राठौर, मानसिंह पिता भंवरसिंह राजपूत निवासी भाटपचलाना और विशाल सिसौदिया निवासी बड़नगर को हिरासत में लिया। मामले में टोल कर्मचारी पुष्पेन्द्रसिंह ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि मारपीट और तोड़फोड़ करने वाले मारूति में सवार होकर आये थे। उन्होंने पहले प्रेमसिंह से कहा कि मैनेजर के बारे में पूछा और मारपीट शुरू कर दी, उसके बाद केबिन में घुसे फिर मेस तक पहुंच गये। थाना प्रभारी व्यास के अनुसार मारपीट और तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 296 (ए), 324 (4), 351 (3) 3 (5) का प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

## एक नजर में



### सीएम ने किया गीता-भारती का लोकार्पण

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित अपने निवास समत्व पर वरिष्ठ पत्रकार एवं आध्यात्मिक रचनाकार पं. मुस्तफ़ा आरिफ की भगवद गीता से प्रेरित पुस्तक गीता-भारती का लोकार्पण किया। पं. मुस्तफा आरिफ ने इस पुस्तक में भगवद गीता के 700 श्लोकों का 786 हिंदी मुक्तकों में सुगम और काव्यात्मक रूपांतरण किया है। पं. मुस्तफा आरिफ ने बताया कि इन संपूर्ण 786 मुक्तकों को संगीत निर्देशक विवेक प्रकाश के निर्देशन में 131 एपिसोड में तैयार किया जा रहा है, जिन्हें सुप्रसिद्ध गायक अनूप जलोटा अपने मधुर स्वर दे रहे हैं। लोकार्पण के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस कार्य की सराहना की। इस अद्भुत आध्यात्मिक उपलब्धि पर भारतीय जनता पार्टी के सह-मीडिया प्रभारी राकेश पंड्या ने पं. मुस्तफ़ा आरिफ को बधाई दी। पंड्या ने कहा कि भगवान सांदीपनि की नगरी और भगवान श्रीकृष्ण व बलराम की शिक्षा स्थली उज्जयिनी के लिए यह निश्चित रूप से एक पुनीत अनुष्ठान है। उन्होंने कहा कि पं. मुस्तफा आरिफ पर परमात्मा की विशेष कृपा है। पंड्या ने समस्त उज्जैनवासियों की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई और मंगलकामनाएं प्रेषित कीं।

### डॉ. अनुराधा व गीता को मिलेगा भेराजी सम्मान



**उज्जैन।** मालवी एवं निमाड़ी लोक संस्कृति के प्रतिष्ठित 39वें भेराजी सम्मान के लिए इस वर्ष प्रख्यात लोकगायिका डॉ. अनुराधा शर्मा और पारंपरिक भक्ति संगीत गायिका गीता पराग को चुना गया है। यह सम्मान समारोह आगामी 18 अप्रैल को कालिदास अकादमी में आयोजित किया जाएगा। मालवा लोककला एवं संस्कृति संस्थान के संयोजक-सचिव जयेश भेराजी ने बताया कि डॉ. अनुराधा शर्मा निमाड़ी और मालवी लोक बोलियों के संरक्षण के लिए उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। वे आकाशवाणी और दूरदर्शन की ख्यात लोकगायिका हैं। वहीं, गीता पराग पिछले दो दशकों से अपने पारंपरिक लोकगीतों और भक्ति संगीत की प्रस्तुतियों से देशभर में ख्याति व सम्मान अर्जित कर चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि यह सम्मान आकाशवाणी के बेजोड़ लोकगायक भेराजी (स्व. सीताराम वर्मा) की पुण्यतिथि 18 अप्रैल को प्रतिवर्ष आयोजित होता है। इस समारोह की स्थापना उनके सुपुत्र, प्रसिद्ध अभिनेता, निर्माता और लोक संस्कृति के संवाहक स्व. कैलाश वर्मा ने की थी। इससे पूर्व भेराजी सम्मान से बालकवि बैरागी, हरीश निगम, भावसार बा, मोहन सोनी, भगवतीलाल राजपुरोहित, भगवती शर्मा, शिव चौरसिया, नरेंद्र सिंह तोमर, उदित तिवारी और सुंदरलाल मालवीय जैसी मूर्धन्य हस्तियों को अलंकृत किया जा चुका है।

### वार्ड 8 में सभा मंडप निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद गजेंद्र हिरवे के प्रयासों से क्षेत्र में रहवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभा मंडप निर्माण कार्य किया जाएगा। जिसका भूमि पूजन पार्षद गजेंद्र हिरवे, मंडल अध्यक्ष रितेश जटिया, महामंत्री शानू मेहता की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 8 अंतर्गत गली नंबर 12 ढोली गली में पार्षद मद की राशि रुपए लगभग 11 लाख की लागत से क्षेत्र के नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा सभा मंडप बनाया जाएगा। जिसका भूमि पूजन संपन्न किया गया। इस दौरान शंकर गोठवाल, रूपेश श्रीवास्तव, हरि ओम मीणा, प्रीतम मालवीय, अर्जुन गोमे, विनोद जायसवाल, सुधीर गोमे, बंटी जारवाल, प्रभुलाल गंगवाल, उमेश गोमे, तपेश माहेश्वरी, मनीष जारवाल, राहुल जारवाल, विकास गंगवाल, रोहित मालवीय एवं वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय जेल में बंदियों ने नाली में छुपाकर रखा था मोबाइल

**उज्जैन। केन्द्रीय जेल में बंदियों के पास एक मोबाइल मिलना सामने आया है। जांच में नगदी और सीम कार्ड के साथ पेन ड्राइव मिलना भी बताया जा रहा है। जेल प्रशासन द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है।**

जेल अधीक्षक मनोज साहू ने बताया कि कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि दुष्कर्म के मामले में सजा काट रहे बंदी कुंदन द्वारा मोबाइल का उपयोग किया जा रहा है। उसकी निगरानी शुरू की गई और जांच में पता चला कि उसके साथ 2 बंदी सुखवींदर खनूजा और अभिषेक खत्री भी शामिल है। मंगलवार को जेल में सर्चिंग की गई, इस दौरान वस्तु गोदाम के पास नाली में छुपाकर रखा मोबाइल बरामद हो गया। उसमें सीम कार्ड थी। गोदाम के पास से कुछ नगदी और पेन ड्राइव भी मिलना सामने आया। तीनों ने सभी सामग्री को छुपाकर रखा था। जेल अधीक्षक के अनुसार मामले की जांच शुरू कर दी गई है। मोबाइल कुंदन के भाई द्वारा लाना सामने आ रहा है। वहीं नगदी के साथ सीम कार्ड के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। तीनों बंदियों को मिलने वाली पैरोल अवधि रोकने का पत्र मुख्यालय को भेजा जायेगा। विदित हो कि कुछ दिन पहले ही जेल प्रशासन ने एक प्रहरी को पकड़ा था, जिसके पास से जर्दा पाऊच बरामद किये गये थे। जिसके बाद से निगरानी बढ़ा दी गई थी। संभावना है कि जांच में कुछ ओर मामले सामने आ सकते है।

# माकड़ोन में चाकू से हमला कर की युवक की हत्या

- लाश सड़क पर रख परिजनों ने किया चक्काजाम, मिला आश्वासन

**उज्जैन।** माकड़ोन सोमवार मंगलवार रात ढाबे पर खाना खाने के दौरान हुए विवाद में युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। सुबह परिजनों और समाजजनों द्वारा शव सड़क पर रख जाम लगा दिया और आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ मकान तोड़ने की मांग शुरू कर दी। प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के आश्वासन पर जाम खोला गया। माकड़ोन के गंगा जालिया मोहल्ले में रहने वाले लखन पिता जगदीश सोलंकी 25 साल रात में तनोड़िया मार्ग पर बने मेघदूत ढाबा में गया था। जहां कुछ लोगों ने चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद रात में ही मृतक का शव उज्जैन लाया गया। इस बीच सुबह माकड़ोन में माहौल गरमा गया। मृतक के परिजनों और समाजजनों द्वारा पूरा बाजार बंद करा दिया गया और धरना प्रदर्शन शुरू कर आरोपियों के मकान तोड़ने के साथ जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की जाने लगी। माकड़ोन में स्थिति बिगड़ती देख एसडीएम बृजेश सक्सेना, एसडीओपी भविष्य भास्कर, तहसीलदार नवीनचंद्र कुंभकार सहित तराना, कायथा और माकड़ोन थाने का बल पहुंच गया। प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया गया और आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसी बीच उज्जैन से पोस्टमार्टम के बाद दोपहर में शव माकड़ोन ले जाया गया। जहां परिवार ने शव को बीच चौराहे पर रख धरना दे दिया। परिजनों का कहना था कि हमलावर 007 गैंग से जुड़े हुए हैं।



### दोस्तों ने फोन कर बुलाया था ढाबे पर

बताया जा रहा है कि रात 10 बजे लखन सोलंकी के पास उसके दोस्तों राकेश, मुकेश और रोहित का फोन आया था। जिन्होंने कहा कि दोस्तों का मेघदूत ढाबा आ जा हमारा विवाद हो गया है। लखन ढाबे पहुंचा तो वहां विवाद करने वालों ने उस पर चाकूओं से हमला कर दिया। दोस्त उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस के अनुसार चाकू से हमला करने वालों में ईश्वरसिंह राणा, वीरेन्द्रसिंह, दिलीप सिंह, मनोहर सिंह, कान्हा और कृष्णा पाल के साथ अन्य के नाम सामने आए हैं। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# विचार क्रांति साहित्य मंच ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

**उज्जैन। राष्ट्रीय जैन कवि संगम की मध्य प्रदेश इकाई द्वारा कवि समागम एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में विचार क्रांति साहित्य मंच की ओर से गीतकार सुगनचंद जैन को स्वर्णाक्षर सम्मान से सम्मानित किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस दौरान संगीता तल्लेरा एवं डॉ. खुशबू बाफना ने नवकार मंत्र की प्रस्तुति दी, जबकि कालापीपल से आईं राष्ट्रीय कवयित्री डॉ. साक्षी जैन ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। समारोह की अध्यक्षता जैन कवि संगम के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्रपाल जैन ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय गीतकार हेमंत श्रीमाल तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रेमचंद सृजन पीठ उज्जैन के निदेशक मुकेश जोशी उपस्थित रहे। मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुगनचंद जैन ने सभी अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन राजेंद्र जैन एवं योगेंद्र बेनाडा ने किया। इव अवसर पर अनेक साहित्यकार उपस्थित थे। अंत में जैन कवि संगम मध्य प्रदेश की सह सचिव संगीता तल्लेरा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।





### सुगनचंद जैन का हुआ आत्मीय अभिनंदन

जैन कवि संगम की मध्य प्रदेश इकाई द्वारा किए जा रहे श्रेष्ठ कार्यों के लिए प्रदेश अध्यक्ष सुगनचंद जैन का अतिथियों एवं उपस्थित कवियों द्वारा आत्मीय अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विचार क्रांति साहित्य मंच की ओर से संयोजक अनिल पांचाल के नेतृत्व में उपस्थित वरिष्ठ कवियों ने सुगनचंद जैन को स्वर्णाक्षर सम्मान प्रदान किया। सम्मान पत्र का वाचन विक्रम विवेक ने किया।

# शादी में जा रहे मां और बेटे को कार ने रौंदा, बेटे की मौत



**घट्टिया।** घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम चौंसला के समीप कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। मां के मामा के घर शादी में जा रहे ग्राम हरसौदन निवासी 18 वर्षीय ऋतिक नकुंब की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मां-बेटे सीधे गहरी खाई में जा गिरे। माँ गंभीर घायल।

**दान आया मंदिर में** | नंदीहाल में बैठकर पहले भस्मारती देखी फिर गर्भगृह के बाहर से दर्शन कर, मंदिर समिति को 50 नग कूलर भी दान में दिए

# फिल्म अभिनेत्री अंकिता लोखंडे पति विक्की के साथ महाकाल आई

**उज्जैन।** फिल्म अभिनेत्री अंकिता लोखंडे मंगलवार को पति विक्की जैन के साथ उज्जैन आई। उन्होंने भगवान महाकाल के दर्शन किए। वे अल सुबह की भस्मारती में भी शामिल हुई।

अंकिता और विक्की ने नंदीहाल में बैठकर पूरी आरती देखी। इसके बाद गर्भगृह के बाहर से दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद दोनों ने नंदी हाल में नंदी जी का पूजन कर उनके कान में मनोकामना भी कही। अंकिता ने मीडिया से कहा कि वह इंदौर की ही रहने वाली हैं और बचपन में कई बार परिवार के साथ महाकाल मंदिर में दर्शन करने आई हैं, लेकिन भस्मारती में पहली बार शामिल हुईं।

**भक्त ने महाकाल में 50 नग जम्बो कूलर दान में दिए**-महाकाल मंदिर में मंगलवार को गाजियाबाद से आए दानदाता ने 50 नगर जम्बो कूलर दान में दिए। यह कूलर भीषण गर्मी के दौरान दर्शन के लिए मंदिर में उमड़ने वाले श्रद्धालुओं को ठंडी हवा से राहत प्रदान करेंगे। मंदिर के पंडे-पुजारियों की प्रेरणा से दानदाता समरकूल होम अप्लायंसेज गाजियाबाद के संजीव कुमार गुप्ता ने यह कूलर दान में दिए है। जिनकी संख्या 50 है। इन कूलरों को जल्द ही मंदिर समिति परिसर व हाल में लगाएगी जहां गर्मी अधिक रहती है। ऐसे में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को इन कूलरों से काफी राहत मिलेगी। मंदिर समिति की ओर से दानदाता गुप्ता का स्वागत किया गया।

**रायपुर के श्रद्धालु ने महाकाल में 5 लाख रुपए दान किए**-रायपुर छत्तीसगढ़ निवासी श्रद्धालु अभिजीत सोनकर ने मंगलवार को उज्जैन में महाकाल के दर्शन कर 5 लाख रुपए दान किए। मंदिर समिति के आई.टी. प्रभारी दीपक परमार ने दानदाता अभिजीत का स्वागत किया।



### मंदिर एवं महाकाल महालोक का निरीक्षण किया

श्री महाकालेश्वर मंदिर के प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक ने श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर एवं श्री महाकाल महालोक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं एवं परिसर में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। जिससे दर्शनार्थियों को सुगम एवं व्यवस्थित सुविधाएं प्राप्त हो सकें।

**डॉ. गन्धे सदस्य मनोनीत-उज्जैन।** कालिदास संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. गोविन्द गन्धे को महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय बड़ौदा के संस्कृत पालि प्राकृत विभाग के बोर्ड ऑफ स्टडीज तथा महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के बोर्ड ऑफ स्टडीज में सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम सिद्धार्थ यादव SIDDHARTHYADAV था जो बदल कर Sidharth Yadav हो गया है अब मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाएगा

**पता**

**180, R.N.T. marg, abdalpura, Ujjain, Ujjain**